(13) In view of the answers given by us herein and the directions issued herewith, it is not necessary to express any opinion on the correctness and adequacy of the exercise done by the Mandal Commission. It is equally unnecessary to send the matters back to the Constitution Bench of Five Judges.

राज्य सरकारों द्वारा अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों हेतु निर्धारित धनराशि का अन्तरित किया जाना

@@3256. **डा. जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 2 जनवरी, 1993 के "पायनियर" में "फिगर्स डाइवरशन आफ एस. सी./एस. टी. फन्डस बाय स्टेट गवर्नमेन्टस" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या "अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों हेतु कल्याण निधि" के लिए सरकारी सहायता को राज्य सरकारों द्वारा अंतरित किए जाने के मामले सरकार के ध्यान में आए हैं;

(ग) यदि हां, तो क्या आन्ध्र प्रदेश, दिल्ली प्रशासन, असम, महाराष्ट्र, गुजरात और पश्चिमी बंगाल में ऐसी अनियमितताओं के मामले भी सरकार के ध्यान में आए हैं;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने ऐसे मामलों की जांच कर तथ्यों का पता लगाया है; और

(च) यदि हां, तो तथ्यों का ब्यौरा क्या है और सरकार ने भविष्य में इस कल्याण निधि का दुर्विनियोग रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) जी, हां ।

(ख) से (च) तथ्यों का पता लगाने के लिए इस मामले को राज्य सरकारों के साथ उठाया गया है । राज्य सरकारों से तथ्य प्राप्त होने के बाद इस संबंध में उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी ।

दिल्ली में बालवाड़ियां

3257. **श्री सर्वजीत राठवा** : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए उनके कार्य करने के स्थानों के समीप बालवाड़ियां खोली गई हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और ये बालवाड़ियां दिल्ली में कहां-कहां स्थित हैं; और

(ग) क्या सरकार दिल्ली में और बालवाड़ियां खोलने का विचार रखती है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) जी, हां ।

(ख) एक विवरण अनुपत्र के रूप में संलग्न है । [**हिन्दी** परिशिष्ट 166, अनुपत्र सं. 59]

(ग) जी, हां ।

Settlement of reimbursement claims

@3257-A. **SHRI B. K. HARIPRASAD** : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether the Central Government had accorded approval for implementation of two watershed projects in the districts of Tumkur and Bangalore for a period of five

@@Previously unstarred Question 2789 transferred from 17th March 1993.

@Previously Unstarred Question 2553 transfered from 16th March, 1993.